राष्ट्रीय सेवा योजना

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु

सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)
Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.com

पत्रांकः 787 /रा0से0यो0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 06/03 /2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी,
सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
जनपद–सिद्धार्थनगर, महराजगंज, संतकबीर नगर, बस्ती, श्रावस्ती, बलरामपुर।

विषय– कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2026 को आहुत **राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 की** समीक्षा बैठक के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2026 को आहुत समीक्षा बैठक में निम्नलिखित दिशा–निर्देश प्रदान किया गया है।

1. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम किश्त की धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा PFMS Portal के माध्यम से जिन महाविद्यालयों को प्रेषित किया गया है ऐसे समस्त महाविद्यालय अनिवार्य रूप से आज दिनांक 06.03.2026 को सायं 4:00 बजे तक PPA जनरेट कर बैक से पैसा आहरित कर लें ।

2. सामान्य कार्यक्रम एवं विशेष शिविर सम्पन्न करा चुके महाविद्यालयों की इकाइयों को स्पष्ट रूप से यह दिशा–निर्देश दिया गया है कि किसी भी स्थिति में दिनांक 09.03.2026 को सायं 4:00 बजे तक इकाई वार सामान्य कार्यक्रम, विशेष शिविर की आख्या एवं व्यय विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे ससमय इकाइयों को शेष धनराशि का भुगतान किया जा सके।

3. विशेष शिविर सम्पन्न कराने जा रहे महाविद्यालयों की इकाइयों को स्पष्ट रूप से यह निर्देशित किया गया है कि ऐसी समस्त इकाइयॉ अपने सामान्य कार्यक्रम की आख्या एवं व्यय विवरण अतिशीघ्र तैयार कर ले एवं विशेष शिविर की अवधि के दौरान विशेष शिविर की आख्या एवं व्यय विवरण संकलित करते रहे, जिससे विशेष शिविर की समाप्ति के उपरान्त दो कार्यदिवसों में इकाई वार सामान्य कार्यक्रम, विशेष शिविर की आख्या एवं व्यय विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में उपलब्ध करा सके, जिससे ससमय ऐसी इकाइयों को शेष धनराशि का भुगतान किया जा सके।

इकाईयों द्वारा समयान्तर्गत सामान्य कार्यक्रम, विशेष शिविर की आख्या एवं व्यय विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में उपलब्ध न कराने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि सम्बन्धित इकाई का भुगतान से सम्बन्धित कोई मॉग शेष नही है।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

Scanned with OKEN Scanner